भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-577**
उत्तर दिनांक 03/12/2025 को दिया गया

**गोवा में परमाणु संयंत्र**

577. कैप्टन विरयाटो फर्नांडीस

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या निकट भविष्य में गोवा में परमाणु संयंत्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और गोवा सरकार को विश्वास में लिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या गोवा सरकार ने राज्य में परमाणु संयंत्र स्थापित करने के प्रस्ताव को अपनी सहमति दे दी है और यदि हां, तो संयंत्र स्थापित करने के लिए किस स्थान की पहचान की गई है;

(ग) क्या इस संयंत्र को विद्युत उत्पादन के लिए अथवा सैन्य प्रयोजन के लिए भी स्थापित किए जाने की संभावना है; और

(घ) क्या संयंत्र में किसी दुर्घटना के मामले में पड़ने वाले प्रभाव और राज्य अथवा इसकी जनसंख्या पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव की जांच करने के लिए किसी पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन किया गया है अथवा कोई अध्ययन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) गोवा राज्य में नाभिकीय विद्युत संयंत्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, संभाव्यता के आधार पर ऐसे अधिक प्रस्तावों पर भविष्य में विचार किया जा सकता है।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता।

*****